
# अध्याय 8

## साड़ी ब्लाउज और चोली ब्लाउज का निर्माण


### 8.1 साड़ी ब्लाउज का निर्माण

मार्कर के अनुसार वस्त्र पर पैटर्न ट्रेस करें और सभी टुकड़ों को काटें।

(बाजू, साड़ी ब्लाउज, ग्रेन रेखा, पलैक्ट)



चरण 1: समाप्ति बिंदु पर दोबारा जोर डाले बिना सभी डार्टों को बंद करें। 1 इंच लंबा धागा छोड़े और चित्र 8.1.1 और 8.1.1 क में दर्शाए गए अनुसार घुमाएं।




चित्र 8.1.1



चित्र 8.1.1 क

8.1.1 साड़ी ब्लाउज पलैक्ट का निर्माण

चरण 2: ओवर पलैक्ट को पलैक्ट की दाईं ओर को वस्त्र की दाईं ओर रखकर तैयार करें और चित्र 8.1.2 में दर्शाए गए अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर सिलें। पलैक्ट को मोड़े और चित्र 8.1.2 क में दर्शाए गए अनुसार कोना टांके।



चित्र 8.1.2



चित्र 8.1.2 क

पलैक्ट को ब्लाउज की गलत ओर मोड़ें । अनिर्मित कोने को मोड़े और कोने पर टांका या चित्र 8.1.2 ख के अनुसार स्लिप किनारा दें।



चित्र 8.1.2 ख

चरण 3: अंडर पलैक्ट को पलैक्ट की उलटी ओर को वस्त्र की उलटी ओर रखकर तैयार करें और चित्र 8.1.3 में दर्शाए गए अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर दाईं ओर सिलें।



चित्र 8.1.3

पलैक्ट को दाईं ओर मोड़ें । अब पलैक्ट के अनिर्मित कोने को तैयार करें और चित्र 8.1.3 क में दर्शाए गए अनुसार 3/4 इंच की दूरी छोड़ें। इसे 8.1.3 ख में दर्शाए गए अनुसार सिलाई रेखा पर रखें।



चित्र 8.1.3 क



चित्र 8.1.3 ख

कोना सिलाई इस प्रकार करें कि सिलाई पलैक्ट कोने को उलटी ओर आए, जैसा कि चित्र 8.1.3 ग और चित्र 8.1.3घ में दर्शाया गया है।



चित्र 8.1.3 ग



चित्र 8.1.3घ

चरण 4: चित्र 8.1.4 में दर्शाए गए अनुसार कंधों को फ्रेंच टांकों या दर्जी के कोने से जोड़े ।



चित्र 8.1.4

चरण 5: चित्र 8.1.5 में दर्शाए गए अनुसार साइड टांके को दर्जी के कोना टांके से बंद करें।



चित्र 8.1.5

चरण 6: बाजू के किनारे को स्लिप किनारे के साथ तैयार करें और चित्र 8.1.6 में दर्शाए गए अनुसार दर्जी के कोने के साथ टांके बंद करें।



चित्र 8.1.6

बाजू की दाईं ओर को चित्र 8.1.6 क में दर्शाए गए अनुसार ब्लाउज के बांह छेद की दाईं ओर पर रखें। चित्र 8.1.6 ख में दर्शाए गए अनुसार दोहरी सिलाई करें।



चित्र 8.1.6 क



चित्र 8.1.6 ख

चरण 7: तिरछी पट्टी के साथ गला रेखा तैयार करें। चित्र 8.1.7 में दर्शाए अनुसार 1/8 इंच की दूरी पर गला रेखा पर स्टे सिलाई दें । तिरछी पट्टी को आधे में मोड़ें ओर इसे धीरे से खीचते हुए **इस्त्री** करें। तिरछी पट्टी को गला रेखा के दाईं ओर रखें और चित्र 8.1.7 क में दर्शाए अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर सिलाई करें।




चित्र 8.1.7



चित्र 8.1.7क

पट्टी को उलटी ओर मोड़ें और चित्र 8.1.7 ख में दर्शाए गए अनुसार पाइपिंग करें। इस खोल में सिले ताकि चित्र 8.1.7 ग में दर्शाए गए अनुसार दूसरी ओर पर पट्टी को सुरक्षित किया जा सके।



चित्र 8.1.7 ख



चित्र 8.1.7 ग





चित्र 8.1.8 तैयार ब्लाउज (अगला)

चित्र 8.1.8 तैयार ब्लाउज ( पछला)

8.2 चोली ब्लाउज का निर्माण

मार्कर के अनुसार अपने पैटर्न को वस्त्र पर ट्रेस करें और क्रमशः चित्र 8.2.1 और चित्र 8.2.2 में दर्शाए गए अनुसार सभी टुकड़ों को काटें।





चित्र 8.2.1

चित्र 8.2.2

चरण 1: चार आवक्ष टुकड़ों को इस प्रकार जोड़ें कि ये स्वयं तैयार हो जाए।

आवक्ष टुकड़ों की दाईं ओर को एक दूसरे की तरफ रखिए और चित्र 8.2.3 में दर्शाए गए अनुसार उलटी ओर सिलाई करें।



चित्र 8.2.3

चरण 2: साइड पैनलों को आवक्ष कपों के साथ जोड़ें और इन्हें चित्र 8.2.4 और 8.2.4 क में दर्शाए गए अनुसार कप पैनलों के मध्य प्रवेश करें।



चित्र 8.2.4



चित्र 8.2.4 क

चरण 3: साइड टांकों पर पिछले भाग को अगले भाग से जोड़ें और जोड़ों को पिछले भाग में  जोड़े।

चरण 4: दोनों आधे भागों के केन्द्र को जोड़ें और दोनों की दाईं ओर एक –दूसरे के सामने हो और चित्र 8.2.5 और 8.2.5क में दर्शाए गए अनुसार उलटी ओर सिलाई करें।



चित्र 8.2.5



चित्र 8.2.5क

चरण 5: कमरबंध को जोड़े, जिसे 2 में काटा गया है। चोली को दो कमरबंध पट्टियों के बीच में रखें और चित्र 8.2.6 और चित्र 8.2.6 क में दर्शाए गए अनुसार सिलाई करें।



चित्र 8.2.6



चित्र 8.2.6 क

चरण 6: साड़ी ब्लाउज के समान की तिरछी पट्टी के साथ गला रेखा तैयार करें।



चित्र 8.2.7 (चोली का तैयार अगला भाग)



चित्र 8.2.8 (तैयार चोली ब्लाउज)

## कार्यकलाप

पत्रिकाओं से ब्लाउजों के विभिन्न प्रकारों के चित्र एकत्रित करें और स्क्रैप बुक कराएं।

खाली जगहों को भरें।

1. साड़ी ब्लाउज में................................. टुकड़ा ............................... होता है जिसमें ब्लाउज को बांधने के लिए हुक और आई होती है।

2. चोली ब्लाउज में ......... टुकड़ा होता है जिसे ..................... पर काटा जाता है।

3. चोली ब्लाउज के कमरबंध को .............................. ग्रेन पर काटा जाता है और इसमें ................... डार्ट होता है।

4. ........................... और चोली टुकड़े को मजबूत करने के लिए ...................... काटा जाता है।

5. चोली के चार ....................... टुकड़े इस प्रकार सिले जाते हैं कि वे..................................हों।